**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 322**

**जिसका उत्तर बुधवार, 24 जुलाई, 2024 को दिया जाएगा**

**दलहनों का उत्पादन और खपत**

**322. श्री सी. एम. रमेश:**

**क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश में दलहनों के उत्पादन और खपत का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान दलहनों का किस्म-वार और माह-वार औसत खुदरा मूल्य कितना रहा है;

(ग) क्या सरकार ने मिलों, थोक विक्रेताओं, बड़े खुदरा विक्रेताओं, आयातकों, प्रसंस्करण कर्ताओं, ऑनलाइन ग्रॉसर्स आदि द्वारा दालों की जमाखोरी और अवैध स्टॉक के संबंध में ध्यान दिया है जो दालों की कीमतों में वृद्धि का एक कारण है;

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि उपरोक्त जमाखोरी न हो और अनुमत सीमा से अधिक भंडार न हो;

(ङ) क्या मंत्रालय या इसकी एजेंसियों के सतर्कता अथवा अन्य अधिकारी मिलों, थोक विक्रताओं, बड़े खुदरा विक्रेताओं, आयातकों आदि के भंडारों की वास्तविक जांच करते हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्री बी. एल. वर्मा)**

(क) पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में दालों के राज्यवार उत्पादन और एनएसएसओ सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार दालों की राज्यवार घरेलू खपत का ब्यौरा क्रमशः **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक -II** में दिया गया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान दालों के औसत खुदरा मूल्य का माहवार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

(ग) से (च) सरकार ने दिनांक 21.06.2024 और 11.07.2024 को निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसिंग आवश्यकताओं, स्टॉक सीमाओं और आवागमन प्रतिबंधों को हटाना (प्रथम और द्वितीय संशोधन) आदेश 2024 जारी किए, जिसमें तूर और चना पर स्टॉक सीमाएं लगाई गई तथा स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं अर्थात खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, मिल मालिकों, आयातकों और बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं को 12 जुलाई, 2024 तक अपने स्टॉक को निर्धारित सीमा तक लाने के लिए अनिवार्य किया गया। उपभोक्ता मामले विभाग ने अप्रैल 2024 से राज्य सरकारों को निर्देश जारी किया था कि वे सभी स्टॉकहोल्डिंग हितधारकों द्वारा वेब पोर्टल पर दालों के स्टॉक का खुलासा करें और स्टॉक की स्थिति पर बारीकी से नजर रखें। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य सरकारों और दाल

उद्योग के साथ बातचीत करने और जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए देश भर के प्रमुख दाल उत्पादक राज्यों और दाल व्यापार केंद्रों का दौरा किया। तूर और चना पर स्टॉक सीमा की अधिसूचना से पहले और बाद में राज्यों के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों और व्यापारियों, मिल मालिकों, आयातकों, स्टॉक धारकों और बड़े खुदरा विक्रेताओं के साथ बैठकों की श्रृंखला। राज्य सरकारों को स्टॉक सीमा लागू करने और उन संस्थाओं पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत निर्धारित सीमा का खुलासा नहीं कर रहे हैं, गलत तरीके से खुलासा कर रहे हैं या उल्लंघन कर रहे हैं और नियमित आधार पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट दें।

सरकार द्वारा मूल्य नियंत्रण उपायों के साथ-साथ इस वर्ष (2024-25) खरीफ दलहनों के तहत बोए गए क्षेत्र में मजबूत प्रगति से बाजार स्थिर हो गया है और पिछले एक महीने में प्रमुख मंडियों में चना, अरहर और उड़द की कीमतों में 4% तक की गिरावट आई है।

**अनुलग्नक-I**

**दालों के उत्पादन और खपत के संबंध में लोक सभा प्रश्न संख्या 322 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान दालों का राज्य-वार उत्पादन**

(लाख मैट्रिक टन में)

| **राज्य** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24*** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 60.45 | 41.08 | 52.95 | 56.95 | 62.67 | 61.80 |
| महाराष्ट्र | 26.83 | 37.36 | 43.21 | 50.24 | 46.35 | 40.01 |
| राजस्थान | 37.59 | 44.97 | 42.52 | 40.53 | 36.17 | 36.33 |
| उत्तर प्रदेश | 24.08 | 24.47 | 24.76 | 26.20 | 28.43 | 29.14 |
| कर्नाटक | 17.74 | 21.56 | 20.65 | 19.72 | 17.57 | 16.77 |
| गुजरात | 6.81 | 10.57 | 18.09 | 27.01 | 17.93 | 15.99 |
| आंध्र प्रदेश | 7.40 | 11.67 | 10.95 | 10.54 | 10.76 | 8.82 |
| झारखंड | 7.35 | 8.15 | 9.05 | 8.98 | 7.61 | 7.18 |
| तमिलनाडु | 5.51 | 6.05 | 4.72 | 4.99 | 5.03 | 4.17 |
| तेलंगाना | 4.40 | 5.49 | 5.90 | 5.76 | 4.97 | 3.40 |
| ओडिशा | 4.12 | 4.32 | 4.31 | 4.81 | 4.95 | 5.11 |
| छत्तीसगढ़ | 5.37 | 2.41 | 4.48 | 3.87 | 4.75 | 3.85 |
| पश्चिम बंगाल | 3.68 | 3.85 | 4.42 | 3.90 | 4.51 | 4.29 |
| बिहार | 4.53 | 3.34 | 3.77 | 3.88 | 4.14 | 3.76 |
| असम | 1.13 | 1.06 | 1.09 | 1.11 | 1.11 | 1.13 |
| हरियाणा | 0.82 | 0.64 | 0.73 | 1.06 | 0.80 | 0.54 |
| उत्तराखंड | 0.55 | 0.58 | 0.61 | 0.64 | 0.62 | 0.52 |
| हिमाचल प्रदेश | 0.54 | 0.55 | 0.60 | 0.75 | 0.49 | 0.49 |
| अन्य | 1.86 | 2.13 | 1.82 | 2.08 | 1.72 | 1.63 |
| **अखिल भारतीय** | **220.76** | **230.25** | **254.63** | **273.02** | **260.58** | **244.93** |

* तृतीय अग्रिम अनुमान;

स्रोत: कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**अनुलग्नक-II**

**दालों के उत्पादन और खपत के संबंध में लोक सभा प्रश्न संख्या 322 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| एनएसएसओ सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार दाल और उसके सह-उत्पादों की राज्यवार वार्षिक घरेलू खपत | | | |
|---|---|---|---|
| | | | मात्रा एलएमटी में |
| **राज्य** | ग्रामीण खपत | शहरी खपत | कुल खपत |
| उत्तर प्रदेश | 15.15 | 4.35 | 19.5 |
| महाराष्ट्र | 7.1 | 6.37 | 13.47 |
| तमिलनाडु | 5.57 | 5.35 | 10.92 |
| बिहार | 9.35 | 1.28 | 10.64 |
| मध्य प्रदेश | 6.33 | 2.25 | 8.58 |
| गुजरात | 4.35 | 3.83 | 8.17 |
| कर्नाटक | 4.68 | 3.15 | 7.83 |
| पश्चिम बंगाल | 4.72 | 2.67 | 7.39 |
| केरल | 2.8 | 2.62 | 5.42 |
| आंध्र प्रदेश | 3.84 | 1.29 | 5.12 |
| ओडिशा | 3.79 | 0.87 | 4.66 |
| राजस्थान | 3.2 | 1.26 | 4.46 |
| झारखंड | 2.57 | 1.04 | 3.62 |
| छत्तीसगढ़ | 2.6 | 0.92 | 3.52 |
| पंजाब | 1.92 | 1.14 | 3.06 |
| असम | 2.27 | 0.5 | 2.77 |
| हरियाणा | 1.35 | 0.9 | 2.25 |
| तेलंगाना | 1.53 | 0.62 | 2.15 |
| दिल्ली | 0.08 | 1.79 | 1.88 |
| उत्तराखंड | 0.95 | 0.41 | 1.36 |
| हिमाचल प्रदेश | 1.2 | 0.13 | 1.34 |
| जम्मू और कश्मीर | 0.91 | 0.38 | 1.29 |
| गोवा | 0.14 | 0.24 | 0.38 |
| त्रिपुरा | 0.19 | 0.08 | 0.28 |
| पुदुचेरी | 0.06 | 0.15 | 0.21 |
| मेघालय | 0.14 | 0.05 | 0.19 |
| मणिपुर | 0.1 | 0.04 | 0.15 |
| चंडीगढ़ | 0 | 0.13 | 0.14 |
| नागालैंड | 0.08 | 0.04 | 0.12 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 0.05 | 0.05 | 0.11 |
| अरूणाचल प्रदेश | 0.07 | 0.03 | 0.1 |
| सिक्किम | 0.05 | 0.02 | 0.06 |
| मिजोरम | 0.03 | 0.03 | 0.06 |
| अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 0.03 | 0.02 | 0.05 |
| लक्षद्वीप | 0.01 | 0.03 | 0.04 |
| लद्दाख | 0.01 | 0.01 | 0.02 |
| **भारत** | **87.24** | **44.06** | **131.3** |

**नोट:** एनएसएसओ घरेलू खपत सर्वेक्षण 2022-23 से परिकलित

## दालों के उत्पादन और खपत के संबंध में लोक सभा प्रश्न संख्या 322 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

### प्रमुख दालों का अखिल भारतीय मासिक औसत खुदरा मूल्य

(रू./कि.ग्रा)

| | चना दाल | तूर/अरहर दाल | उड़द दाल | मूंग दाल | मसूर दाल |
|---|---|---|---|---|---|
| जून-21 | 76.7 | 107.41 | 108.9 | 105.53 | 86.93 |
| जुलाई-21 | 75.17 | 105.66 | 106.85 | 102.99 | 87 |
| अगस्त-21 | 74.97 | 104.64 | 105.65 | 101.1 | 88.28 |
| सितम्बर-21 | 75.71 | 105.42 | 106.61 | 101.61 | 92.15 |
| अक्तूबर-21 | 76.03 | 105.53 | 107.11 | 101.61 | 94.87 |
| नवंबर-21 | 76.24 | 104.86 | 107.47 | 102.6 | 96.47 |
| दिसंबर-21 | 75.41 | 102.88 | 106.75 | 101.93 | 96.52 |
| जनवरी-22 | 74.56 | 102.04 | 105.91 | 101.55 | 96.71 |
| फरवरी-22 | 74.58 | 102.69 | 106.08 | 101.9 | 97.24 |
| मार्च-22 | 74.55 | 103.26 | 105.2 | 102.29 | 97.36 |
| अप्रैल-22 | 74.29 | 102.98 | 104.72 | 102.67 | 96.28 |
| मई-22 | 74.07 | 102.79 | 104.75 | 102.63 | 96.58 |
| जून-22 | 73.61 | 102.56 | 104.14 | 102.14 | 96.37 |
| जुलाई-22 | 73.3 | 103.66 | 104.37 | 101.7 | 96.2 |
| अगस्त-22 | 73.29 | 108.68 | 107.05 | 101.93 | 96.84 |
| सितंबर -22 | 73.41 | 111.32 | 108.19 | 102.75 | 96.55 |
| अक्तूबर-22 | 73.21 | 111.73 | 108.5 | 103.28 | 95.59 |
| नवंबर -22 | 73.57 | 112.74 | 108.66 | 103.69 | 95.76 |
| दिसंबर-22 | 72.86 | 111.96 | 107.85 | 103.38 | 94.95 |
| जनवरी-23 | 72.49 | 111.46 | 107.13 | 103.44 | 94.19 |
| फरवरी-23 | 72.36 | 111.65 | 106.72 | 104.22 | 93.13 |
| मार्च-23 | 72.60 | 113.47 | 107.17 | 105.06 | 92.78 |
| अप्रैल-23 | 73.33 | 116.44 | 108.21 | 107.10 | 92.96 |
| मई-23 | 73.97 | 119.24 | 109.33 | 108.36 | 92.59 |
| जून-23 | 74.47 | 126.89 | 111.46 | 109.36 | 92.01 |
| जुलाई-23 | 74.8 | 134.13 | 113.63 | 110.49 | 92 |
| अगस्त-23 | 76.39 | 138.09 | 115.03 | 111.29 | 92.02 |
| सितंबर-23 | 80.48 | 146.29 | 117.22 | 113.63 | 93.41 |
| अक्तूबर-23 | 82.42 | 151.63 | 118.95 | 115.56 | 94.14 |
| नवंबर-23 | 83.45 | 155.2 | 122.37 | 116.54 | 94.25 |
| दिसंबर-23 | 83.43 | 154.68 | 123.04 | 116.48 | 94.11 |
| जनवरी-24 | 82.83 | 150.47 | 122.54 | 116.13 | 93.66 |
| फरवरी-24 | 82.85 | 149.07 | 123.11 | 116.44 | 93.50 |
| मार्च-24 | 83.60 | 149.17 | 123.82 | 117.19 | 93.40 |
| अप्रैल-24 | 83.84 | 150.93 | 124.22 | 117.60 | 93.33 |
| मई-24 | 84.93 | 155.11 | 125.38 | 118.03 | 93.42 |
| जून-24 | 87.62 | 161.11 | 126.75 | 118.81 | 94.16 |

*******